>

Title: Need to include Mango in Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.

डॉ. के. सी. पटेल (वलसाड) : माननीय स्पीकर महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र वलसाड है । मेरे वलसाड और नवसारी जिले में आम की बहुत अच्छी फसल होती है । देश का 20 प्रतिशत आम हमारे गुजरात के वलसाड और नवसारी जिले में होता है । दो साल से मौसम की वजह से आम की फसल में बहुत नुकसान हो रहा है । हमारे जो फार्मर्स हैं, उनका पेस्टीसाइड और खाद का पैसा भी नहीं निकलता है । श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने वर्ष 2015-16 में मेरे वलसाड जिले में बारह करोड़ रुपये नुकसान के लिए दिए थे और वह पैसे उनके खातों में जमा हुए थे ।

अतः मेरी सरकार से अर्ज एवं नम्र प्रार्थना है कि इस साल भी सर्वे करके नवसारी और वलसाड जिले में जो आम की फसल में नुकसान हुआ है, उसमें उनकी हेल्प की जाए । मेरी एक और रिक्वेस्ट है कि हमारे जो आम के पार्क हैं, उनका प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में समावेश किया जाए ।